## SATISH CHANDRA MEMORIAL SCHOOL

## CLASS-IV

## SUBJECT-HINDI

## PRACTICE TEST

**CASE-STUDY (Total-14)**

**1.नीचे दिए गए केस स्टडी को पढ़कर प्रश्न (i) से (iv) के लिए सही विकल्प एवं (v) से (ix) का सही उत्तर दीजिए- (1x4=4)+(2x5=10)**

अभिभावक जिसे अंग्रेजी में पेरेंट्स (parents) कहते है, शब्द ही अपने आप में एक विशाल संसार लिए हुए है। वे हमारे जीवन के आधार स्तंभ हैं, जिनके बिना हमारा जीवन अधूरा सा लगता है। वे हमारे मार्गदर्शक, संरक्षक और मित्र होते हैं। एक बच्चे के जीवन में अभिभावकों का महत्व अतुलनीय होता है।

माँ, पिता, ये दो शब्द ही हमारे लिए संपूर्ण विश्व होते हैं। माँ का प्यार असीम होता है। वह अपने बच्चे के लिए कुछ भी कर सकती है। वह अपने बच्चे की हर जरूरत का ध्यान रखती है। पिता एक सच्चे मित्र की तरह होते हैं। वे हमें जीवन के संघर्षों से लड़ना सिखाते हैं। वे हमारे आदर्श होते हैं।

अभिभावक हमें अच्छे संस्कारों से भर देते हैं। वे हमें सही और गलत में अंतर समझाते हैं। वे हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। वे हमारे सपनों को पंख देते हैं। वे हमारे दुखों में हमारे साथ खड़े रहते हैं और हमारी खुशियों में हमारे साथ खुश होते हैं।

हमारे जीवन में अभिभावकों का योगदान अमूल्य है। हम उन्हें कभी भी भुला नहीं सकते। हमें उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता का भाव रखना चाहिए। हमें उनके आशीर्वाद को हमेशा अपने साथ रखना चाहिए । अंत में, मैं कहना चाहूंगा कि अभिभावक एक अनमोल खजाना हैं। हमें उनके साथ समय बिताना चाहिए और उनके प्यार का आनंद लेना चाहिए।

(i)आपके अनुसार जीवन के आधार स्तंभ किसे माना गया है ?

| | |
|---|---|
| A. अभिभावक | B. भाई-बहन |
| C. गुरु | D. दोस्त |

(ii) अभिभावक हमारे क्या है ?

| | |
|---|---|
| A. मार्गदर्शक | B. संरक्षक |
| C. मित्र | D. ऊपर के तीनों ही |

(iii) किसके प्यार को असीम माना गया है ?

| | |
|---|---|
| A. दीदी | B. नानी |
| C. माँ | D. दादी |

(iv) पिता हमारे लिए किसके समान होते हैं ?

| | |
|---|---|
| A. कठोर शिक्षक | B. सच्चे मित्र |
| C. बड़े भैया | D. धोखेबाज दोस्त |

(v) आप अपने माता-पिता को क्यों प्यार करते हैं ?

(vi) आप अपने अभिभावकों का नाम रोशन करने के लिए क्या करेंगे ?

(vii) आप अपने माता-पिता की कौन-सी बात या आदत को बदलना चाहोगे ?

(viii) जब आपके माता-पिता आपकी किसी बात को नहीं मानते तो आप कैसे मनाते हैं ?

(ix) आपके अनुसार अभिभावकों को अनमोल खजाना क्यों कहा गया है ?

**<u>HOTS QUESTIONS-ANSWERS (Total-16)</u>**

**1. नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 3-4 वाक्यों में लिखो- (3x2=6)**

(i)आपको पढ़क्कू कैसा लगा ? अपने उत्तर का कारण भी बताओ ।

(ii) अपने मनपसंद चिड़िया के बारे में तीन-चार वाक्य लिखो ।

**2. नीचे दिए गए प्रश्नों का उत्तर 2-3 वाक्य में लिखो- (2x5=10)**

(i)क्या आपने भी कभी कोई पढ़ा-लिखा बेवकूफ देखा है ? उसके बारे में बताओ ।

(ii) आप हुदहुद पक्षी को कैसे पहचानोगे, बताओ ।

(iii) आँधी आने से पहले आप क्या-क्या बचाव करोगे, बताओ ।

(iv) घंटी के बजने पर कोल्हू के बैल के घूमने का पता चलता है अगर घंटी के न रहने पर कोई दूसरा उपाय मालिक को बताओ ।

(v) आंधी आने पर आप क्या-क्या करते हो, बताओ ।